हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, गुरुवार, 25 जनवरी 2024

11 जाखल नपा पार्षदों का कार्यकाल खत्म...



12 फतेहाबाद के गांव डूल्ट से सीएम ने किया प्रदेश के...



## खबर संक्षेप

### संत कंवर साहिब जी का सत्संग 28 को

**फतेहाबाद।** राधा स्वामी दिनोद के परम संत कंवर साहिब जी महाराज आगामी 28 जनवरी रविवार को फतेहाबाद के सिरसा रोड स्थित राधा स्वामी आश्रम में साध संगत को सत्संग एवं प्रवचन देंगे। यह जानकारी राधा स्वामी सत्संग दिनोद के सेवादार संदीप खरकिया ने दी।

### चोरों ने पीर बाबा मंदिर से चढ़ावा चुराया

**फतेहाबाद।** पुलिस को दी शिकायत में गांव टिब्बी निवासी करतार ने कहा कि उसके घर के अंदर पीर बाबा का मंदिर है। गत दिवस रात को अज्ञात चोर उसके मकान में घुस गया और मंदिर का गल्ला और 1100-1100 रुपये की दो मालाएं चोरी कर ले गया। गल्ले में करीब 27 हजार रुपये की नकदी थी। जब वह जागरण से वापस घर आया तो उसे चोरी का पता चला।

### लेखन प्रतियोगिता में सुमन ने मारी बाजी

**चोपटा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रूपावास में बुधवार को भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा आयोजित मानक लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। नोडल अधिकारी डॉ. कृष्ण ढाका ने बताया कि लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रही सुमन व परीक्षा को एक हजार रुपए, द्वितीय स्थान पर रहे सचिन व प्रिंस को 750, तृतीय स्थान पर रही पूनम व पूजा को 500 रुपए और चतुर्थ स्थान पर रही भानुप्रिया व अंशु को 250 रुपए का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

### दुकान के ताले तोड़कर नकदी व सामान चुराया

**सिरसा।** पुलिस को दी शिकायत में दुकान संचालक गांव अभोली निवासी नरेंद्र जिंदल ने बताया कि उसकी जिंदल किराना स्टोर नाम से एक दुकान है। उसने देर रात को चोरों ने दुकान के ताले तोड़कर गल्ले से 28 हजार रुपए की नकदी, 1 गट्टा बादाम, करीब 17 किलो अखरोट, करीब 2.500 किलो काजू, 2 डिब्बा केसर, 7 गट्टे गेहूं, 50 डिब्बी सिगरेट व 5 पैकेट बीड़ी चोरी कर लिए। सुबह जब वह दुकान पर गया तो उसे घटना का पता चला। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर केस दर्ज कर मामले की छानबीन में जुट गई है।



**फतेहाबाद।** बस स्टैण्ड परिसर में खड़ी बसें। फोटो : हरिभूमि



**फतेहाबाद।** रोडवेज कर्मचारियों को संबोधित करते सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान भूप सिंह। फोटो : हरिभूमि



**टोहाना।** कंपकंपाती ठंड में प्रदर्शन करते रोडवेज कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### 100 बसें नहीं दौड़ी सड़कों पर, 500 कर्मचारी रहे गैरहाजिर, कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

# रोडवेज का पहिया थमा, नहीं चली बसें, यात्री परेशान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद**

प्रदेश सरकार की वादाखिलाफी के विरोध में हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा के आह्वान पर रोडवेज कर्मचारियों ने आज जिलेभर में रोडवेज बसों का चक्का जाम कर दिया। सुबह 3 बजे ही कर्मचारी नेताओं के साथ-साथ डिपो के तमाम कर्मचारियों ने डिपो के गेट पर डेरा डाल दिया। डिपो वर्कशॉप से एक भी बस प्रशासन के तमाम दावों के बावजूद नहीं निकल पाई। बुधवार को फतेहाबाद डिपो की 195 बसों में से 100 के करीब बसें सड़क पर नहीं दौड़ पाई और कुल 750 कर्मचारियों में से 500 कर्मचारी गैर हाजिर रहे। पूरा दिन कर्मचारी नेताओं ने जोरदार नारेबाजी करते हुए सरकार के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली और सरकार को जमकर कोसा। रोडवेज बसों के चक्का जाम होने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा वहीं प्राइवेट बसों ने जमकर चांदी कूटी। रोडवेज कर्मचारियों ने कहा कि सरकार द्वारा सांझे मोर्चे को 11 जनवरी,10 मार्च, 23 जून, 13 दिसम्बर को कर्मचारियों की मांगो समाधान के लिए बैठकों के लिए आमंत्रित किया गया। सांझे मोर्चे ने कर्मचारियों की मांगों समाधान बारे तर्क व प्रमाण दिए गए। सरकार द्वारा सांझे मोर्चे द्वारा दिए गए तकारे् व प्रमाणों को सही मानते हुए मांगों को जायज माना और मांगो को लागू करने के परिपत्र जल्द जारी करने का भरोसा दिया। परन्तु बार-बार भरोसा देने के बाद भी मानी गई मांगो के परिपत्र आज तक जारी नहीं किए हैं। समस्याओं के समाधान न होने से कर्मचारियों को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ शोषण का सामना भी सामना करना पड़ रहा हैं, जिससे कर्मचारियों में रोष हैं। प्रदेश भर के कर्मचारियों ने 24 दिसम्बर को करनाल में मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया, जिसके उपरान्त अधिकारियों द्वारा 10 जनवरी तक वार्ता द्वारा मांगों के समाधान का आश्वासन दिया। सांझे मोर्चे ने सरकार पर बार बार भरोसा किया परन्तु सरकार कर्मचारियों के साथ विश्वासघात कर रही हैं।

### टोहाना में भी रहा चक्का जाम

**टोहाना।** रोडवेज संयुक्त कर्मचारी एसोसिएशन के आह्वान पर बुधवार को रोडवेज कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर हड़ताल के चलते चक्का जाम रखा। इसके चलते एक भी सरकारी अपने रुट पर नहीं चली जबकि प्राइवेट व पंजाब रोडवेज की बसें बस स्टैंड के बाहर से ही आती-जाती रही, जिसके चलते बंद का असर मिला जुला रहा। यात्रियों को दूर-दराज के नगरों के लिए कई बसें बदलकर यात्रा करनी पड़ी। हरियाणा रोडवेज सांझा मोर्चा के नेता चंद्रभान खटक ने बताया कि सरकार को रोडवेज कर्मचारी नेताओं द्वारा पहले भी मांगों संबंधी ज्ञापन दिया जा चुका है, लेकिन सरकार के मंत्री इस पर गौर नहीं कर रहे है। रोडवेज कर्मियों की हड़ताल के चलते पुलिस प्रशासन भी मौके पर तैनात रहा, जबकि रोडवेज कर्मी अपनी मांगों के संदर्भ में बस स्टैंड परिसर में बैठे नारेबाजी करते रहे। हड़ताल के चलते दूरदराज के नगरों को जाने वाले यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा, जबकि प्राइवेट बसों के परिचालक चौराहों पर यात्रियों को बसों में बिठाते हुए नजर आये। प्राइवेट बसों के परिचालक रोडवेज कर्मियों की हड़ताल के कारण बसों में यात्रियों को ठूंस-ठूंस कर ले जाते रहे।

### रोडवेज कर्मियों ने इन मांगों को उठाया

प्रदर्शन कर रहे रोडवेज कर्मचारियों की मांग है कि देय अवकाश कटौती पत्र वापिस लिया जाए। परिचालक-चालक की वेतन विसंगति दूर की जा। 2002 से चालकों को नियुक्ति तिथि से पक्का करके पुरानी पेंशन नीति में शामिल किया जाए। 2016 के चालक व 52 दादरी के हैल्परों को पक्का करने की पॉलिसी बनाई जाए। चालक व परिचालकों से 8 घन्टे की ड्यूटी ली जाए और 8 घण्टे ड्यूटी से अधिक ड्यूटी को ओवरटाइम दिया जाए। चालकों को अड्डा इंचार्ज के पद पर प्रमोशन की जाए। स्थाई तबादला नीति बनाई जाए व वंचित कर्मचारियों को तकनीकी वेतनमान दिया जाए। ग्रुप डी के कर्मचारियों को कॉमन कडर से बाहर करके उन्हें तकनीकी पदों ओर प्रमोशन दी जाए। हड़ताल में शिवकुमार, सूबे सिंह, दीपक बल्हारा, संदीप जांडली, विजय नागपुर, सितेन्दर, अनिल भाटिया, कुलदीप मलिक, नरेश गोरिया, वीरेंद्र कुलेरी, पूर्णचंद कामरेड, उग्रसेन, देवीलाल, इंद्रपाल, हर्ष दारा सहित सैंकडों कर्मचारी शामिल रहे। सर्व कर्मचारी संघ, हरियाणा कर्मचारी महासंघ, पुरानी पेंशन बहाली संघर्ष समिति, सीटू, एटक आदि कर्मचारी व मजदूर संगठनों ने भी हड़ताल का समर्थन किया।

### प्राइवेट वाहन संचालकों ने जमकर कूटी चांदी



**सिरसा।** रोडवेज के गेट पर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए रोडवेज कर्मी।

**सिरसा।** प्रदेश भर में रोडवेज कर्मचारियों ने बुधवार को अपनी मांगों को लेकर एक दिन की हड़ताल रखी। सुबह सिरसा बस अड्डा से बसें नहीं चली। बसों का चक्का जाम होने से आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ा। हड़ताल के चलते कोई भी बस दिल्ली, पंजाब, राजस्थान, चंडीगढ़ और हिमाचल के रूट के लिए रवाना नहीं हुई। दूरदराज जाने वाले यात्री अपने लगेज को अपने कंधों पर उठाए इधर-उधर जाते नजर आए। नजदीक गांवों या शहरों में जाने वाले यात्रियों के लिए तो जाने का कोई न कोई जुगाड़ हो गया लेकिन दूर दराज शहरों में जाने वाले यात्रियों को प्राइवेट वाहनों को किराए पर लेने को मजबूर होना पड़ा। अचानक हुए इस चक्का जाम से दूर दराज जाने वाले यात्री रेलगाड़ियों से यात्रा करने के लाभ से भी वंचित रहे। प्राइवेट वाहन चालकों ने यात्रियों की इस स्थिति का लाभ उठाकर जमकर चांदी कूटी।

रोडवेज कर्मचारी बस स्टैंड के बाहर जुटे तथा उन्होंने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कर्मचारी नेता मदनलाल खोथ ने बताया कि कर्मचारियों के संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर बुधवार को दोपहर बाद कोई भी बस सिरसा डिपो से रवाना नहीं हुई। उन्होंने बताया कि सरकार से बार बार वार्ता होने के बाद भी सरकार उनकी मांगों को नहीं मान रही हैं। उन्होंने बताया कि उनकी प्रमुख मांगों में हिट एंड रन कानून को रद्द करवाना, पुरानी पैंशन की बहाली, 14 हजार बसों को सरकारी बेड़े में शामिल करना, कर्मचारियों की वेतन विसंगतियों को दूर करना आदि प्रमुख हैं। उन्होंने बताया कि किसानों की यूनियन व ट्रक यूनियन ने भी इस हड़ताल का समर्थन किया है।

## प्रताप नगर को नशा मुक्त करने का उठाया बीड़ा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रानियां**

ग्राम पंचायत प्रताप नगर के सरपंच प्रतिनिधि जतिंदर सिंह की अध्यक्षता में पंचायत भवन में बुधवार को एक मीटिंग की गई, जिसमें एडीजीपी श्रीकांत जाधव द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति हरियाणा कार्यक्रम में सहयोग करने का वचन दिया। अध्यक्ष दीपक अरोड़ा व महासचिव राहुल कामरा ने बताया कि शहीद भगत सिंह वेलफेयर ट्रस्ट व प्रयास संस्था एडीजीपी श्रीकांत जाधव के मार्गदर्शन में कार्य कर रही है व नशा हमारे समाज के लिए बहुत बड़ी बुराई है। नशा मुक्ति को अपनाकर हम स्वस्थ, सशक्त और समृद्ध समाज का निर्माण कर सकते हैं। इसलिएए हमें नशा मुक्ति के लिए जागरूकता फैलानी चाहिए और समुदाय को एक साथ मिलकर नशे से लड़ने के उपाय ढूंढने में सहयोग करना चाहिए। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि जितेंद्र सिंह, पंच गुरप्रीत सिंह, पंच शिगारा सिंह, पंच हरपाल सिंह, पंच मनप्रीत सिंह, गुरदेव सिंह, जोगा सिंह, चरण सिंह, करण सिंह, गुरदेव सिंह, फकीरचंद, दर्शन सिंह, संदीप सिंह, जोगिंदर सिंह, महावीर आदि मौजूद थे।



**सिरसा।** ग्राम पंचायत प्रताप नगर के सरपंच प्रतिनिधि जतिंदर सिंह की अध्यक्षता में गांव को नशा मुक्त करने का संकल्प लेते हुए। फोटो : हरिभूमि

## विधायक के बेटे की शादी पर आशीर्वाद देने पहुंचे मुख्यमंत्री

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया**

प्रदेश सरकार में रतिया विधायक लक्ष्मण नापा के बेटे सुमित नापा के विवाह समारोह में मुख्यमंत्री मनोहर लाल सहित बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं ने शिरकत की और वर-वधु को आशीर्वाद दिया। विधायक के बेटे के विवाह के शुभ अवसर पर बुधवार को टोहाना रोड, पूजा कैस्टल मैरिज पैलेस में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के शादी समारोह में पहुंचने पर विधायक नापा सहित वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने विधायक के बेटे सुमित नापा को आशीर्वाद देते हुए सुखद गृहस्थ जीवन की कामना की। समारोह में कैबिनेट मंत्री देवेंद्र सिंह बबली, सांसद सुनीता दुग्गल, जेजेपी प्रदेशाध्यक्ष निशान सिंह, फतेहाबाद विधायक दुड़ाराम, हांसी विधायक विनोद भयाण आदि मौजूद थे।



रतिया। मंत्रियों व विधायकों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

## रामदेवरा में गूंजे जय श्रीराम के जयकारे



**फतेहाबाद।** भगवान श्रीराम के सदियों से प्रतीक्षित मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा होने की खुशी में श्री बाबा रामदेव सेवा समिति की ओर से संचालित शक्ति नगर स्थित प्राचीन बाबा रामदेव मंदिर रामदेवरा में भगवान श्री राम व बाबा रामदेव महाराज की विशेष रूप से पूजा अर्चना व आराधना की गई। मंदिर रामदेवरा पहुंचे श्रद्धालुओ ने मंदिर में घी व तेल के दिएं जलाकर भगवान श्री राम प्रति अपनी आस्था प्रकट की और एक दूसरे को राम लला की प्राण प्रतिष्ठा होने पर बधाईया दी गई। भगवान श्रीराम व रामदेव महाराज को फूलों की माला अर्पित कर क्षेत्र की सुख-शांति व खुशहाली की कामना की गई। इस दौरान श्रद्धालुओ ने जय श्री राम व जय बाबा री के जयकारें लगाकर आसपास के माहौल को धार्मिकमय कर दिया। भगवान श्री राम व बाबा रामदेव महाराज को बुंदी का भोग लगाकर प्रसाद श्रद्धालुओं में वितरित किया गया। श्री बाबा रामदेव सेवा समिति के प्रधान रमेश जोइया ने बताया कि राम लला प्राण प्रतिष्ठा देखकर हर एक का मन खुशियों से भर गया है। इस मौके पर समिति प्रधान रमेश जोइया, जोनी गहलोत, किशन चौहान, कमलकांत डाबी, नमन मोंगा, बाली मितल, ओमप्रकाश मोंगा, मनोज चायल, सुभाष गहलोत, हरीश मुजांल, सोनू शर्मा, राहुल गहलोत, राकेश जोइया आदि थे।

## हरियाणा गतका टीम ने जीते 4 कांस्य पदक

**फतेहाबाद।** खेलो इंडिया मदुरई, तमिलनाडु में आयोजित गतका प्रतियोगता में हरियाणा गतका टीम ने पहली बार इतिहास रच कर 4 कांस्य पदक जीते हैं। गतका एसोसिएशन ऑफ हरियाणा के जनरल सेक्रेटरी व हरियाणा गतका टीम मैनेजर स्वर्ण सिंह रतिया ने बताया कि तमिलनाडु में चल रही खेलों इंडिया की प्रतियोगता में हरियाणा की टीम ने फर्री सोटी में फतेहाबाद से प्रेरणा, अमनदीप कौर व शरण कौर ने 3 कांस्य पदक कर्नाटक व झारखंड रा'यों को हराकर प्राप्त किए। गतका की सिंगल सोटी में सिरसा से मनदीप सिंह ने 1 कांस्य पदक झारखंड व मध्य प्रदेश को हराकर जीता। हरियाणा की टीम में परमजोत सिंह, अवतार सिंह व रिया फतेहाबाद से, सावन रोहतक से, गुरप्रेम सिंह सिरसा से, टीना पंचकुला से व वीरपाल कौर गतका कोच शामिल थे।



**फतेहाबाद।** खेलो इंडिया में गतका प्रतियोगिता में विजेता हरियाणा के खिलाड़ी।

हरियाणा के गतकाबाजों ने खेलों इंडिया की हरियाणा के लिए कुल 4 मेडल जोड़े। हरियाणा गतका कॉर्डिनेटर जसबीर कौर, गतका एसो. के प्रधान गुरपरसाद सिंह ने बधाई दी।





# विंटर सीजन के 10 सुपर फूड्स

सर्दियों में शरीर के इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाए रखने और अन्य बीमारियों से बचाव में सुपर फूड्स का सेवन बहुत कारगर है। यहां हम आपको 10 सुपर फूड्स और उनके फायदों के बारे में बता रहे हैं।

**डाइट सजेशन**
**विनीता**

सर्दी के मौसम में ठंड से बचाव और शरीर सक्रिय बनाए रखने के लिए कुछ खाद्य पदार्थ मौजूद होते हैं, जिनका नियमित सेवन स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद साबित होता है। इनके सेवन से इम्यूनिटी बढ़ती है। साथ ही इनमें कई ऐसे माइक्रोन्यूट्रिएंट्स भी मौजूद होते हैं, जो कई बीमारियों से बचाव में मददगार होते हैं। आइए जानते हैं, ऐसे ही कुछ सुपर फूड्स के बारे में।

**आंवला:** विटामिन सी, डायटरी फाइबर, कैल्शियम, आयरन और एंटीऑक्सीडेंट तत्वों से भरपूर आंवला शरीर के इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाता है। आंवला का नियमित सेवन सर्दी, जुकाम, खांसी और बुखार से बचाव में मददगार होता है। इसके लिए प्रतिदिन दो या तीन आंवले का सेवन करें।

**चुकंदर:** एंटीऑक्सीडेंट तत्वों और आयरन से भरपूर चुकंदर एनीमिया दूर करने में मददगार साबित होता है। साथ ही यह हाई ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखता है। इसमें कैंसररोधी तत्व भी पाए जाते हैं। इसलिए प्रतिदिन सुबह चुकंदर का जूस पीना बहुत फायदेमंद साबित होता है।





**गुड़:** इसमें मौजूद आयरन, हीमोग्लोबिन बढ़ाने के साथ एनीमिया से बचाव में मददगार होते हैं। गुड़ में पर्याप्त मात्रा में मैग्नीशियम और पोटैशियम जैसे पोषक तत्व भी मौजूद होते हैं, जो हड्डियों और मांसपेशियों को मजबूत बनाने, ब्लडप्रेशर को संतुलित रखने और ब्रेन को दुरुस्त रखने में मददगार होते हैं। अगर आपको डायबिटीज की समस्या ना हो तो नियमित रूप से गुड़ का सेवन करें।

**बाजरा:** इसमें पर्याप्त मात्रा में कार्बोहाइड्रेट पाया जाता है, जो ठंड से बचाव में मददगार होता है। इसमें आयरन, मैग्नीशियम, फास्फोरस और विटमिन बी-12 पाया जाता है। इसका नियमित सेवन हड्डियों, मांसपेशियों को मजबूत बनाता है। साथ ही स्मरण शक्ति को बढ़ाने में भी मददगार होता है। बाजरे के आटे से बनी रोटियां सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद होती हैं।

**गाजर:** प्रोटीन और विटामिन ए से युक्त गाजर आंखों के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसमें कई पौष्टिक प्लांट कंपाउंड्स होते हैं, जो कोलेस्ट्रॉल को घटाकर दिल को भी स्वस्थ रखते हैं। इसलिए सर्दियों में दो या तीन गाजर का सेवन नियमित रूप से करें।

**पालक:** सर्दियों में भरपूर मात्रा में पालक का सेवन करें, क्योंकि पालक में अल्फा लिपिक एसिड नामक एंटीऑक्सीडेंट तत्व पाया जाता है, जो शरीर के शुगर लेवल को नियंत्रित रखता है। इसमें मौजूद पोटेशियम हाई ब्लडप्रेशर को नियंत्रित रखने में मददगार होता है। इसीलिए प्रतिदिन 100 ग्राम पालक का सेवन किया जा सकता है, इसका सूप भी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है।

**मूंगफली:** इसमें रेसवेराट्रॉल नामक बायोएक्टिव तत्व पाया जाता है, जो ब्रेन को दुरुस्त बनाए रखने में मददगार होता है। इसमें मौजूद मैगनीज, फॉस्फोरस और अन्य विटमिंस हड्डियों को मजबूत बनाने में मददगार साबित होते हैं। प्रतिदिन मुट्ठी भर मूंगफली का सेवन सेहत के लिए बहुत फायदेमंद साबित होता है।

**टमाटर:** टमाटर में लाइकोपिन नामक तत्व पाया जाता है, जो बैड कोलेस्ट्रॉल एलडीएल (लो डेंसिटी लिपोप्रोटीन) को बढ़ने से रोककर दिल की बीमारियों से बचाव में मददगार होता है। यह शुगर लेवल को नियंत्रित करता है। हड्डियों और त्वचा के लिए भी फायदेमंद होता है। इसलिए इन सर्दियों में प्रतिदिन टमाटर का सेवन जरूर करें।



**मूली:** मूली में एंथोसायनिन नामक फ्लेवोनॉयड पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है, जो दिल को स्वस्थ बनाए रखने में मददगार होता है। इसमें मौजूद फाइबर पाचन तंत्र को दुरुस्त रखता है। विटामिन सी से भरपूर मूली इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने में मददगार साबित होती है।

**शकरकंद:** बीटा कैरोटिन और कई एंटीऑक्सीडेंट तत्वों से भरपूर शकरकंद का सेवन दिल और आंखों के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसमें मौजूद डायटरी फाइबर्स, कब्ज को दूर करने में मददगार होता है। अपनी डाइट में उबले हुए शकरकंद को जरूर शामिल करें। *

**(मणिपाल हॉस्पिटल, गाजियाबाद के डाइटिटिक्स एंड न्यूट्रिशन डिपार्टमेंट की एचओडी, डॉ. अदिति शर्मा से बातचीत पर आधारित)**

---

**मेंटल हेल्थ / रजनी अरोड़ा**

अस्त-व्यस्त जीवनशैली, ओवर वर्कप्रेशर, टेंशनफुल शेड्यूल या डिजिटल वर्ल्ड में जरूरत से ज्यादा बिजी रहने की वजह से आजकल हर उम्र के लोग अकेलेपन का शिकार होने लगे हैं। समय रहते इस पर ध्यान ना दिया जाए तो शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। इससे बचने के लिए आपको यहां बताई जा रही बातों पर जरूर ध्यान देना चाहिए।

# शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य बिगाड़ सकता है अकेलापन



अकेलापन एक मौलिक मानवीय भाव है। जैसे हम भूख-प्यास का अनुभव करते हैं, वैसे ही कभी-कभी अकेलेपन का भी अनुभव करते हैं। अकेलापन तब होता है, जब भीड़ का हिस्सा होने के बावजूद व्यक्ति का दूसरों के साथ कोई सार्थक संबंध नहीं हो पाता। जिसकी प्रतिक्रिया स्वरूप मस्तिष्क की कोशिकाओं में अलगाव महसूस होने लगता है। इस वजह से तनाव या अवसाद से घिर जाता है।


### अकेलेपन के प्रकार

अकेलापन कई प्रकार का हो सकता है। सामाजिक रिश्तों में सामंजस्य की कमी होने से भावनात्मक अकेलापन उत्पन्न होता है। ऐसा व्यक्ति समाज के बीच, लोगों से घिरे होने के बावजूद अपने को अकेला महसूस करता है। कुछ व्यक्ति परिवार, समाज से कटकर अपनी इच्छा से अकेले रहने लगते हैं। एक-दूसरे से मिलने-जुलने का सिलसिला खत्म हो जाता है। इसे स्वैच्छिक अकेलापन कहते हैं। जीवन की चुनौतियों या समस्याओं में उलझने से कई बार तनावपूर्ण अकेलापन उत्पन्न हो जाता है।



### अकेलेपन के दुष्प्रभाव

'द हीलिंग पॉवर ऑफ ह्यूमन कनेक्शन इन वर्ल्ड' के लेखक डॉ. विवेक एच मूर्ति का मानना है कि अकेलापन साइलेंट किलर की तरह व्यक्ति को कई प्रकार की शारीरिक-मानसिक बीमारियों का शिकार बनाता है। अकेलेपन के शिकार व्यक्ति की जीवनशैली और खान-पान में बदलाव आ जाते हैं। व्यक्ति अनियमित दिनचर्या, जंक या फास्ट फूड का सेवन, आरामपरस्ती, तंबाकू-एल्कोहल का सेवन जैसी गलत आदतों का आदी हो जाता है। अकेलापन शरीर में कॉर्टिसोल हार्मोन को ट्रिगर करता है, जिसकी वजह से इम्यून सिस्टम कमजोर होने लगता है। व्यक्ति को कम उम्र में ही मोटापा, हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, हार्ट अटैक, ब्रेन स्ट्रोक, लकवा जैसी बीमारियां होने का खतरा रहता है। अकेले होने पर व्यक्ति अपने मन की बात या समस्याएं किसी से शेयर नहीं कर पाते। इससे उनमें भावनात्मक असंतुलन और नकारात्मकता देखने को मिलती है। ब्रेन में न्यूरांस की सक्रियता कम हो जाती है। ब्रेन की कोशिकाएं मृत होने लगती हैं। शुरुआत में व्यक्ति को अनिद्रा, तनाव, डिप्रेशन, एंग्जाइटी भूलने की बीमारी या अन्य मानसिक समस्याएं हो सकती हैं। अकेलापन बढ़ने पर व्यक्ति में साइकोटिक सिंप्टंप्स दिखने लगते हैं। कई व्यक्ति आत्महत्या जैसे कदम भी उठा लेते हैं।



### उपचार के तरीके

व्यक्ति की स्थिति के आधार पर उपचार किया जाता है। अकेलापन महसूस होने पर व्यक्ति को अपने दायरे से बाहर आने, दूसरों से बात करने, मिलने-जुलने की खुद कदम उठाने चाहिए। बिना देर किए मनोचिकित्सक से संपर्क करें। वे व्यक्ति की काउंसलिंग करके समस्या की जड़ का पता लगाते हैं और समुचित उपचार करते हैं। जरूरत पड़ने पर उसके करीबियों और दोस्तों की मदद ली जाती है।

### ऐसे करें अपना बचाव

अकेलेपन से बचने के लिए जरूरी है कि व्यक्ति अपने में बदलाव लाए।

- खुद से प्यार करें। अपने चीयरलीडर बनें, आत्मविश्वास विकसित करें, तभी अंतर्मुखी व्यक्तित्व से बाहर आ पाएंगे और दूसरों के साथ तालमेल बिठा पाएंगे।
- स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं। सरकेडियम रिदम का अनुपालन करें यानी सोना-जागना, खाना, व्यायाम और काम नियत समय पर करें।
- इम्यूनिटी बूस्ट करने के लिए पौष्टिक और संतुलित आहार का सेवन करें। स्वस्थ आहार अकेलापन दूर कर 'फील गुड' का एहसास कराने में भी सहायक है।
- इमोशनल हेल्थ पर ध्यान दें। अपने विचार और भावनाओं को समझें। सकारात्मक रवैया अपनाएं। अपने जीवन में बदलाव लाने के लिए निरंतर सक्रिय रहें।
- सपोर्टिव-सोशल नेटवर्क कायम करें। परिवार के सदस्यों के साथ समय बिताएं। निजी या सामाजिक सरोकारों के लिए एक-दूसरे का सहयोग और भावनात्मक समर्थन लें। संबंधों में मजबूती बनाने और अकेलापन कम करने के लिए लगातार कोशिश करते रहें।
- सोशल मीडिया पर फॉलोअर्स बढ़ाने के बजाय नए दोस्त बनाएं, समय निकाल कर नए-पुराने दोस्तों के साथ मिलते-जुलते रहें।
- खुद को मनपसंद एक्टिविटी में बिजी रखने की कोशिश करें। व्यस्त दिनचर्या के बावजूद रोजाना ना सही, सप्ताहांत में कुछ समय ऐसे कामों के लिए जरूर निकालें, जो आपकी पसंद के हों।
- मानसिक डिटॉक्सीफिकेशन भी जरूरी है। रोज रात 9 बजे के बाद और सप्ताह में कम से कम एक दिन मोबाइल से दूरी बनाएं। म्यूजिक, डांस, पेंटिंग, कुकिंग, पढ़ना-लिखना, घूमना, मेडिटेशन जैसे दूसरे कार्यों में खुद को व्यस्त करें।
- रोजाना रात को सोने से पहले आत्ममंथन करें। दिन भर का लेखा-जोखा बनाएं। अच्छे कामों के लिए खुद को सराहें।
- रात को अपनी परेशानियों, दूसरों से मन-मुटाव या मानसिक उधेड़बुन को पेपर पर लिखें। बिना पढ़े पेपर को फाड़ दें या जला दें। इससे मन शांत होगा, नींद अच्छी आएगी और अगली सुबह नई स्फूर्ति से दिन की शुरुआत कर पाएंगे। *





**(फोर्टिस एस्कॉर्ट हार्ट इंस्टीट्यूट, दिल्ली की मनोचिकित्सक डॉ. भावना बर्मी और स्वास्तिक क्लीनिक दिल्ली के मनोचिकित्सक डॉ. रोहित शर्मा से बातचीत पर आधारित)**

### क्या बताते हैं आंकड़े

विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार दुनिया भर में 5 से 15 प्रतिशत युवा और किशोर अकेलेपन से उपजी गंभीर मानसिक समस्याओं से ग्रसित हैं। स्कॉटलैंड की ग्लासगो यूनिवर्सिटी की रिसर्च के मुताबिक अकेलेपन के कारण लोगों में समय से पहले मौत का खतरा 39 प्रतिशत तक बढ़ जाता है। परिवार या दोस्तों से मेल-जोल ना रखने से दिल की बीमारी का खतरा 53 प्रतिशत तक बढ़ जाता है। जबकि ब्रिटेन में हुई स्टडी यह दावा करती है कि तकरीबन 77 फीसदी अकेले रहने वाले लोगों को असमय मौत का सामना करना पड़ता है। भारत में युवाओं की अपेक्षा उम्रदराज लोगों में अकेलेपन का खतरा ज्यादा होता है। 45 साल या बड़ी उम्र के 20 प्रतिशत लोग महसूस करते हैं कि वे अकेले हैं। भारत में तकरीबन 1.5 करोड़ बुजुर्ग अकेले हैं। *

---

**न्यू स्टडी**

# डायबिटीज पेशेंट्स को लिवर फाइब्रोसिस का रिस्क



आज के दौर में डायबिटीज के मरीजों की बढ़ती संख्या से स्वास्थ्य विभाग चिंतित है। इसकी वजह यह है कि लाइफस्टाइल से जुड़ी इस बीमारी के कारण कई दूसरी बीमारियों के होने का खतरा भी बढ़ जाता है। हाल ही में दिल्ली स्थित सफदरजंग अस्पताल में हुए एक अध्ययन में यह बात सामने आई है कि डायबिटीज से पीड़ित करीब एक-तिहाई मरीजों के लीवर में फाइब्रोसिस बीमारी होने का रिस्क बढ़ जाता है। सफदरजंग अस्पताल के डॉक्टरों ने डायबिटीज पेशेंट्स के फाइब्रोसिस स्कोर टूल की जांच के दौरान देखा कि जिन मरीजों का शुगर लेवल नियंत्रित नहीं था, उनके शरीर में लिवर फाइब्रोसिस का खतरा अधिक था। जांच के दौरान यह बात सामने आई कि कुल डायबिटीज मरीजों में करीब तीस प्रतिशत मरीजों के शरीर में फाइब्रोसिस का मिड रिस्क था। इनमें करीब पांच प्रतिशत मरीज लिवर फाइब्रोसिस के हाई लेवल रिस्क की जद में थे। लिवर फाइब्रोसिस उस स्थिति को कहते हैं, जब लिवर को नुकसान होना शुरू होता है। ये लिवर की बीमारी की पहली स्टेज कही जाती है। इस मेडिकल कंडीशन में लिवर के हेल्दी टिश्यूज पर कई तरह के घाव बन जाते हैं, जो धीरे-धीरे लिवर को खराब करना शुरू कर देते हैं। लिवर फाइब्रोसिस होने पर लिवर सही ढंग से काम नहीं करता और इसके घाव वाले टिश्यूज, लिवर के अंदर ब्लड फ्लो को डिस्टर्ब करते हैं। विशेषज्ञ अध्ययनकर्ताओं का कहना है कि लिवर फाइब्रोसिस पर ध्यान ना दिया जाए तो ये यह लिवर सिरोसिस में बदल सकता है, जिसमें लिवर पूरी तरह से खराब हो सकता है। लिवर सिरोसिस एक जानलेवा बीमारी है, लेकिन लिवर फाइब्रोसिस पर ध्यान दिया जाए तो इसका उपचार हो सकता है और मरीज लिवर सिरोसिस की चपेट में आने से बच सकता है। ऐसे में डायबिटीज पेशेंट्स को पूरी तरह कॉन्शस रहने की जरूरत होती है। *

**प्रस्तुति: अजेश कुमार**

---

**अवेयरनेस**
**रेखा देशराज**

# क्या आप भी अकसर खाते रहते हैं पेनकिलर

सामान्य से गंभीर प्रकार के दर्द से तुरंत राहत के लिए लोग अकसर पेनकिलर खाते रहते हैं। लेकिन इनका ज्यादा सेवन आपको कई गंभीर हेल्थ प्रॉब्लम्स दे सकता है। ऐसे में सावधान रहना जरूरी है।



अमेरिका जैसे मजबूत मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर वाले देश में लगातार निगरानी के बाद यह बात सामने आई कि साल 2000 से 2017 तक हर दिन 91 लोगों की मौत पेनकिलर यानी दर्द निवारक दवा खाने से हो रही थी। जबकि अमेरिका में दवाओं की गुणवत्ता और दवाओं के इस्तेमाल की मात्रा पर कड़ाई से नजर रखी जाती है, तब यह हालत थी। इससे यह आसानी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि दुनिया के बाकी हिस्सों में पेनकिलर से हर दिन कितने लोगों की मौत होती होगी।

**कोरोना के बाद बढ़ी मांग:** साल 2018 में डब्ल्यूएचओ का एक अनुमान था कि हर दिन करीब 1.5 करोड़ खुराक दर्द निवारक दवाएं खाई जा रही थीं। अगर इनके 2010 से 2018 तक के इस्तेमाल में हुई वृद्धि के ट्रेंड को ही ध्यान में रखें, तो इस समय दुनिया में करीब हर रोज 2.5 करोड़ डोज दर्द निवारक दवाएं खाई जाती होंगी। हालांकि 2020-21 में जब पूरी दुनिया कोरोना महामारी से ग्रस्त थी, उस दौरान तो सामान्य आंकड़ों के मुताबिक दर्द निवारक दवाओं की खपत में 2,000 फीसदी से भी ज्यादा की बढ़ोत्तरी हो गई थी।

**पूरी दुनिया में बढ़ रही खपत:** लब्बोलुआब यह कि आधुनिक मेडिकल चिकित्सा के नाम पर दर्द निवारक दवाओं का जानलेवा फंदा पूरी दुनिया पर मंडरा रहा है। हालांकि ऐसा कोई देश नहीं है, जहां पेनकिलर के इस्तेमाल के खतरनाक दुष्परिणामों को बार-बार डॉक्टरों द्वारा या विश्व स्वास्थ्य संगठन जैसी वैश्विक स्वास्थ्य संगठनों द्वारा ना बताया जाता हो। लेकिन विभिन्न तरह के तात्कालिक दर्दों जैसे कान के दर्द, दांतों के दर्द, मांसपेशियों के दर्द, यहां तक कि सिर दर्द और चोट लगने से होने वाले दर्दों के साथ-साथ, हर महीने महिलाओं को होने वाले मासिक धर्म में भी तुरंत राहत के लिए पेनकिलर लोग लेते हैं।



**मांग बढ़ने की वजहें:** दुनिया में हर साल 13.5 लाख लोग सड़क दुर्घटनाओं में मारे जाते हैं। जबकि करीब 40 लाख लोग सड़क दुर्घटनाओं का शिकार होते हैं। इन सड़क दुर्घटनाओं के शिकार होने वाले लोग महीनों तक हर दिन कई-कई पेनकिलर खाते हैं। कम से कम 5 से 7 करोड़ पेनकिलर हर साल सड़क दुर्घटनाओं से शिकार लोग ही खा जाते हैं। इससे इनकी खपत का अंदाजा लगता है। हालांकि देसी दवाओं या जड़ी बूटियों में भी दर्द निवारण की क्षमता है, बावजूद इसके इस्तेमाल में आसान होने के कारण और तात्कालिक रूप से फायदा पहुंचाने के कारण ज्यादातर लोग ऐलोपैथी की पेनकिलर दवाओं का ज्यादा इस्तेमाल करते हैं। यूरोप और अमेरिका में हजारों ऐसी संस्थाएं और संगठन काम कर रहे हैं, जो लोगों को दर्द निवारक दवाओं के इस्तेमाल से सचेत रहने के लिए आगाह कर रहे हैं।

**पेनकिलर के साइडइफेक्ट्स :** माना जा रहा है कि हर साल दर्द निवारक दवाओं के साइडइफेक्ट के कारण 15 से 16 लाख लोगों की मौत हो जाती है। वास्तव में लगातार पेनकिलर का उपयोग करने से लिवर, किडनी, हृदय और रक्त परिसंचरण में कई तरह की समस्याएं आ जाती हैं। पेनकिलर लेने से पेट खराब होना आम बात है। पेनकिलर लगातार खाने से बहुत सारी चीजें रिएक्शन कर जाती हैं। पेट में अल्सर बनना इसके दुष्प्रभावों में बहुत आम है। यह सब जानने के बावजूद भी लोग हर दिन कई-कई पेनकिलर खाते हैं। बहुत से लोग तो निश्चित रूप से इनके दुष्प्रभावों के बारे में नहीं जानते हैं। कई बार दर्द से बचने के कारण इन्हें खाते हैं। क्योंकि तेज से तेज पेनकिलर महज 4 से 6 घंटे तक ही आपको दर्द से राहत देता है।

**अन्य विकल्प खोजें:** पिछले दिनों न्यूयॉर्क टाइम्स में छपे एक लेख में एक व्यक्ति ने बताया कि डॉक्टर हर दिन मुझे दर्द से बचने के लिए पेनकिलर खाने के लिए कहते रहे। हालांकि इस व्यक्ति को लगातार पेनकिलर खाने से हिचक थी। सो उसने पेनकिलर का विकल्प ढूंढ़ा तो उसे जल्द ही न्यूरोपैथी में ऐसा विकल्प मिल गया। हर देसी चिकित्सा पद्धति में बिना साइडइफेक्ट वाली पेनकिलर मौजूद हैं। आप अनुभवी विशेषज्ञ से सलाह लेकर इनका यूज कर सकते हैं। *

---

**योगोपचार**
**दिव्यज्योति 'नंदन'**

# घुटनों के दर्द से राहत दिलाए बालासन

सर्दी के मौसम में कई लोग घुटनों के दर्द से परेशान रहते हैं। इससे बचाव और राहत के लिए आप बालासन का अभ्यास कर सकते हैं। लेकिन ऐसा योग विशेषज्ञ के निर्देशन में ही करें, तभी पूरा लाभ मिलेगा।





बालासन यानी चाइल्ड पोज एक ऐसा योगासन है, जिसे नियमित करने से जोड़ों के दर्द से, खासकर सर्दियों में राहत मिलती है। इसे नियमित करने से जांघों, कूल्हों और टखनों में खिंचाव पैदा होता है। यह आसन चिंता, तनाव, अवसाद और नींद संबंधी परेशानियों को भी दूर करता है।

**आसन की सही विधि:** बालासन करने के लिए पहले योगा मैट या जमीन पर चादर बिछाकर वज्रासन की मुद्रा में बैठ जाएं। धीरे-धीरे श्वांस अंदर लेते हुए दोनों हाथों को सीधा सिर के ऊपर उठाएं, लेकिन ध्यान रखें, इस दौरान हथेलियां नहीं जोड़नी है। कुछ क्षणों के बाद अब श्वांस बाहर की तरफ धीरे-धीरे छोड़ते हुए आगे की ओर झुकें और झुकने के दौरान इस बात का ध्यान रखें कि कूल्हे के जोड़ों से झुकना है, ना कि कमर के जोड़ से। आहिस्ता-आहिस्ता आगे की ओर झुकते रहें, जब तक कि आपकी हथेलियां जमीन पर नहीं टिक जातीं। अब सिर को जमीन पर टिका लें। अब आप बालासन की मुद्रा में हैं। पूरे शरीर को रिलैक्स करें और लंबी श्वांस अंदर बाहर छोड़ें। अब दोनों हाथों की अंगुलियों को आपस में सख्ती से जोड़ लें और इनके बीच अपने सिर को रखकर उसे सहारा दें। इसके बाद सिर को दोनों हथेलियों के बीच में धीरे से रखें और सांस सामान्य रखें। बालासन की मुद्रा में शुरू में 30 सेकेंड रहें। इसके बाद जैसे-जैसे अभ्यास बढ़ता जाए, इस मुद्रा में अपने रहने की स्थिति को क्रमशः एक मिनट से पांच मिनट तक बढ़ाएं।

**बालासन के फायदे:** सर्दियों में नियमित बालासन करने से घुटनों का दर्द दूर रहता है, साथ ही थकान से भी राहत मिलती है। इसके अलावा भी इस आसन के कई और फायदे हैं। बालासन करने से शरीर में ऑक्सीजन का स्तर बढ़ता है, इसलिए अगर सीने में दर्द हो रहा हो और गर्दन में भी दर्द रहता हो तो इन परेशानियों से भी बालासन राहत दिलाता है। नियमित रूप से बालासन करने पर पीठ दर्द और पीठ के निचले हिस्से की मांसपेशियों में होने वाला दर्द यानी कूल्हों के दर्द से भी राहत मिलती है। वास्तव में कोरोना महामारी के बाद दुनिया के ज्यादातर हिस्सों में वर्क फ्रॉम होम की प्रवृत्ति बढ़ी है, जिससे लंबे समय तक लोग कुर्सियों में एक ही मुद्रा में बैठे रहते हैं, ऐसी दिनचर्या वालों को बालासन करने के फायदे हैं। हृदय की बीमारियों मसलन हृदय की अनियमित गति, सिस्टोलिक रक्तचाप और डायस्टोलिक रक्तचाप में भी बालासन फायदेमंद होता है। लेकिन हृदय की बीमारियों की स्थिति में बालासन तभी करना चाहिए, जब डॉक्टर इसकी इजाजत दें। डॉक्टर से बिना पूछे यह आसन हृदय रोग से पीड़ति लोगों को नहीं करना चाहिए।

**बरतें सावधानी:** वैसे बालासन एक आराम की मुद्रा है, इसलिए अगर कोई दूसरा आसन कर रहे हैं, तो भी आसन करने के बाद रिलैक्स करने के लिए बालासन किया जा सकता है। अगर घुटनों में चोट लगी है या पेट खराब है और दस्त आ रहे हैं तो यह आसन नहीं करना चाहिए। अगर आप शीर्षासन करते हैं तो बालासन जरूर करें। साथ ही इस बात का ध्यान रखें कि कभी भी अपनी शारीरिक क्षमताओं से ज्यादा जोर ना लगाएं। अगर आप उच्च रक्तचाप से पीड़ित हैं या गर्भवती महिला हैं तो बालासन करने से बचें। अगर आसन करना चाहें तो संबंधित परेशानियों के डॉक्टर से परामर्श जरूर कर लें। स्लिप डिस्क, घुटने की चोट या स्पोंडिलाइटिस के मरीजों को बालासन करने से बचना चाहिए। *

---

### आमंत्रित हैं लेख...

स्वयं डॉक्टर्स या लेखक, स्पेशलिस्ट डॉक्टरों से बातचीत पर आधारित लेख हमें इस पृष्ठ में प्रकाशनार्थ भेज सकते हैं। लेख इस पते पर भेजें
हरिभूमि- संपादक-सेहत
129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035
या मेल करें- sehatharibhoomi@gmail.com

## खबर संक्षेप

### प्रशासन ने 25 को बुलाई जिप की विशेष बैठक

**सिरसा।** जिला प्रशासन द्वारा 16 जनवरी को जिला परिषद की मीटिंग मौके पर रद्द किए जाने के विरोध में आम आदमी पार्टी द्वारा लघु सचिवालय में किए गए जोरदार प्रदर्शन के कारण दबाव में जिला प्रशासन ने अब 25 जनवरी को फिर से जिला परिषद की विशेष मीटिंग बुलाई है। आप के राष्ट्रीय परिषद सदस्य विरेंद्र कुमार व जिलाध्यक्ष एवं जिला पार्षद प्रतिनिधि हैप्पी रानियां ने यह जानकारी दी।

### चित्रकला में डीएवी पुलिस स्कूल के बच्चे अव्वल

**फतेहाबाद।** शिक्षा मंत्रालय के तत्वाधान में परीक्षा पे चर्चा 2024 के तहत केन्द्रीय विद्यालय फतेहाबाद में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल फतेहाबाद के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया गया।

### अश्लील फिल्म बनाकर करते ब्लैकमेल: एसपी

**डबवाली।** साइबर ठगी की वारदातों से बचाने के लिए डबवाली पुलिस द्वारा समय-समय पर जनहित में एडवाइजरी जारी कर लोगों को जागरूक करने का काम किया जा रहा है। इसी कड़ी में एक महत्वपूर्ण विषय पर लोगों को जागरुक करते हुए पुलिस अधीक्षक डबवाली सुमेर सिंह ने बताया कि अंजान नंबर से आया वीडियों कॉल आप पर भारी पड़ सकता है।

### योजनाओं की जागरूकता के लिए ई-रिक्शा रवाना

**सिरसा।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मिशन वात्सल्य योजना के साथ विभिन्न योजनाओं की जागरूकता के लिए ई-रिक्शा रवाना किया गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दर्शना सिंह ने इस ई-रिक्शा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह जानकारी डॉ. दर्शना सिंह ने दी।

### बिना भेदभाव के हो रहा सिरसा का विकास

**सिरसा।** भारतीय जनता पार्टी की जिलाध्यक्ष निताशा राकेश सिहाग ने कहा कि सिरसा जिला में सभी विधायक विपक्ष के हैं लेकिन मुख्यमंत्री मनोहर लाल सबका साथ सबका विकास की नीति से बिना भेदभाव सिरसा जिला के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ रहे हैं। जिलावासी पिछले राज और अब के राज में अंतर महसूस कर रहे हैं और हर किसी के जुबान पर है कि यह राज-राज का अंतर है।

### कांग्रेस की संदेश रैली में उमड़ेगा जनसैलाब

**सिरसा।** कांग्रेस नेता वीरभान मेहता ने कहा कि शहर की अनाज मंडी में आगामी 27 जनवरी को होने वाली संदेश रैली में जनसैलाब उमड़ेगा। बुधवार को वीरभान मेहता ने कहा कि कांग्रेस वर्किंग कमेटी की मैंबर एवं उत्तराखंड की प्रभारी पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा की संदेश यात्रा गत 17 जनवरी को शुरू हुई थी।

### डॉ. लाजवंती गौरी बनी उप सिविल सर्जन

**फतेहाबाद।** नागरिक अस्पताल फतेहाबाद में कार्यरत सीनियर डेंटल सर्जन डॉ. लाजवंती गौरी को पदोन्नत किया गया है। फतेहाबाद की नागरिक अस्पताल की सीनियर डेंटल सर्जन डॉ. लाजवंती गौरी को पदोन्नत कर उप सिविल सर्जन बनाया गया।



### ग्रीन वैली स्कूल में मनाया बालिका दिवस

**टोहाना।** ग्रीन वैली स्कूल में राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में कक्षा छठी से कक्षा आठवीं तक के विद्यार्थियों द्वारा सुंदर-सुंदर पोस्टर बनाकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इन पोस्टरों के माध्यम से उन्होंने सभी को यह संदेश दिया कि आज लड़कियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। लड़कियां भी अपने मां-बाप का नाम रोशन कर रही है, इसलिए बालिकाओं को जागरूक करने की जरूरत है।

## आगाज से अंत तक सुर्खियों में रही नगरपालिका

# जाखल नपा पार्षदों का कार्यकाल खत्म, एसडीएम देखेंगे कामकाज

अब चेयरमैन के लिए ड्रा निकाला जाएगा, जिसमें तय होगा कि किस वर्ग से चेयरमैन बन सकेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जाखल

नगर पालिका में बुधवार को पार्षद, अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का पांच वर्षीय कार्यकाल समाप्त हो गया है। आज से जाखल नपा की बागडोर प्रशासक एसडीएम प्रतीक हुड्डा के हाथ में होगी। जाखल शहर की छोटी सरकार के पांच सालों पर नजर दौड़ाएं तो जाखल नपा अपने 2017 में हुए चुनावों के बाद अब तक न केवल स्थानीय स्तर पर, अपितु प्रदेश स्तर पर सुर्खियां बटोरी है। पहले एक बीजेपी समर्थित महिला को चेयरमैन बनाना, फिर पार्षदों द्वारा उसको कुर्सी से हटाना, सीएम ग्रांट पर पार्षदों में बार-बार विवाद होना, पूर्व पार्षद चेयरमैन सीमा गोयल के ससुर नोहर चांद द्वारा आत्महत्या करना और इसका आरोप पार्षदों पर लगना, मीटिंग में महिला पार्षद के प्रतिनिधियों की दखलंदाजी से विवाद होना और नपा सचिव द्वारा पार्षद प्रतिनिधियों को चलती बैठक से बाहर का रास्ता दिखाना खूब चर्चित रहा है।



जाखल। नगर पालिका कार्यालय में अंतिम बैठक में मौजूद पार्षद। फोटो : हरिभूमि

कार्यकाल समाप्त होने से अब इतना जरूर है कि बीजेपी जेजेपी समर्थित पार्षदों के वार्ड में अब बिना किसी विवाद के सीएम ग्रांट से काम हो सकेंगे।

### चेयरपर्सन के लिए निकाला जाएगा ड्रॉ, जनता चुनेगी प्रधान

कार्यकाल समाप्त होने के बाद अब चेयरमैन के लिए ड्रा निकाला जाएगा, जिसमें तय होगा कि किस वर्ग से चेयरमैन बन सकेगा। ड्रा में जाखल में चेयरमैन का चुनाव सामान्य कैटेगिरी में होगा या फिर सीट आरक्षित होगी।

सबकी निगाह इस पर टिकी है। नगरपालिका अध्यक्ष का चुनाव अब शहरी जनता अब सीधे ही अपनी मतों से कर सकेगी। ऐसे में अध्यक्ष के चुनाव में पार्षदों की कोई भूमिका नहीं रहेगी। इससे प्रधान बनने के लिए निर्वाचित होने वाले पार्षदों की खरीद-फरोख्त समाप्त होगी।

### शहर के वार्ड 8 और 10 का कुछ हिस्सा नपा क्षेत्र से बाहर

जानकारी मुताबिक नपा के रिकॉर्ड में वार्ड नं. 8 व 10 का कुछ हिस्सा नपा क्षेत्र से बाहर है। अचरज की बात ये है कि कार्यकाल के साढ़े चार साल तक वार्डवासियों को इसका पता ही नहीं चला। ऐसे में चाह कर भी नपा इस क्षेत्र में विकास कराने में असमर्थ रही। अब देखना ये होगा कि नपा के दायरे से बाहर इस क्षेत्र को पंचायत में शामिल किया जाएगा या फिर इसे नपा क्षेत्र में ही जोड़ा जाएगा। इस पांच साल में खासकर शहर के वार्ड नं 7, 8, 9 व 10 में विकास कार्य शून्य रहा हैं। नपा का दर्जा घोषित होने के बाद भी नगर वासियों को इसका फायदा न मिलने से गुस्साए लोगों द्वारा जाखल को पुन ग्राम पंचायत का दर्जा देने के लिए संघर्ष किया जा रहा है। इसे लेकर लोगों द्वारा धरने प्रदर्शन करने सहित ये मुद्दा हाईकोर्ट तक भी पहुंच चुका है।

### स्थानीय नेताओं की निगाह चेयरमैनी पर

जाखल नपा पार्षदों का कार्यकाल समाप्त हो चुका हैं, जबकि नगरपालिका अध्यक्ष पद के लिए अभी आरक्षण सूची भी जारी नहीं हुई है। अध्यक्ष पद की भागदौड़ में लगे जिन लोगों की इच्छा मुताबिक आरक्षण की घोषणा न हुई तो उनकी उम्मीदों पर पानी फिर जाएगा।

भाजपा, कांग्रेस सहित अन्य दलों के स्थानीय नेताओं ने पहली बार स्वतंत्र रूप से हो रहे प्रधान पद का चुनाव पार्टी के आशीर्वाद से लड़ने की भी योजनाएं बना रखी हैं। ऐसे स्थानीय नेता शहर में समाजसेवा व राजनीतिक कार्यक्रमों में आगे रहकर स्वयं की राजनीतिक शक्ति दिखाने के लिए खूब भागदौड़ कर रहे हैं। मतदाताओं को अपनी ओर रिझाने का दौर लगातार शुरू हो गया है।



### नेताजी ने देश के लिए सर्वस्व न्यौछावर किया

**फतेहाबाद।** राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय अहरवां में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 127वीं जयंती को पराक्रम दिवसग के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों तथा शिक्षकों ने नेताजी के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ सैल्यूट भी किया। नेताजी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए मुख्य शिक्षक देवेंद्र दहिया ने कहा कि नेता जी भारत माता सच्चे सपूत थे, वो एक महान क्रांतिकारी थे। आजादी की लड़ाई में सुभाष चंद्र बोस की अहम भूमिका रही है। उन्होंने अंग्रेजों से देश को आजाद करने के लिए आजाद हिंद फौज का गठन किया और देश के नौजवानों को 'तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा' का नारा देकर अपने साथ जोड़ा। उन्होंने देश के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। इस अवसर पर सभी बच्चों को बोस के जीवन पर बनी फिल्म 'द बोस' दिखाई गई। सभी बच्चों ने जयहिंद, दिल्ली चलो, और तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा नारे लगाकर वातावरण को पूर्णतय जोश से भर दिया। इस अवसर पर मास्टर सतीश पंवार, राजेश कुमार, नीलम, सहजदीप, जुनैद खान, अमनिंद्र सिंह, गरनूर, हन्नी सिंह, फ्रांसिस, समीर, अभिजोत, गुरसेवक आदि उपस्थित रहे।



### नेताजी का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणादायक

**फतेहाबाद।** नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा झुग्गी झोपड़ियों में जाकर जरूरतमंदों को खाने का सामान वितरित किया गया। युवा कांग्रेस नेता मुकेश प्रजापति के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस को नमन करते हुए उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। युवा कांग्रेस नेता मुकेश प्रजापति ने आजादी की लड़ाई में नेताजी के ऐतिहासिक योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि नेताजी सुभाष चन्द्र बोस भारत की महान विभूति थे। उन्होंने भारतीय इतिहास को नई दिशा और नए आयाम दिए। वे देश के स्वतंत्रता संग्राम में अपने जीवन का समग्र न्यौछावर कर युग-युग के लिए अमर हो गए। मुकेश प्रजापति ने कहा कि नेताजी द्वारा दिया गया नारा 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा' आज भी सभी को प्रेरणा देता है और युवाओं में जोश भरता है। नेताजी जी का जीवन और देश के लिए उनका त्याग आज भी युवाओं के लिए प्रेरणादायक है।

## चुघ बने अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी के जिला अध्यक्ष

- पूर्व पुलिस अधिकारी एवं अवार्डी सूर्यवंशी औम प्रकाश चुघ को सौंपी जिम्मेवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

अखिल भारतीय संगठन ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमल हांडा ने संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष साहिब दयाल वधवा की अनुशंसा पर पूर्व पुलिस अधिकारी एवं अवार्डी सूर्यवंशी औम प्रकाश चुघ को फतेहाबाद जिले के जिला अध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेवारी सौंपी है। बता दें कि औम प्रकाश चुघ हरियाणा पुलिस से सेवानिवृत पुलिस अधिकारी हैं। वह विभाग में भी सामाजिक व धार्मिक कायार्ें में रुचि रखने वाले अधिकारी के रूप में जाने जाते थे। इन्होंने काफी थानों में अधिकारी के रूप में शानदार कार्य किया था। बतौर प्रबंधक अफसर थाना भट्टूकलां जिला फतेहाबाद में कोरोना काल में किए गए कार्य जनता की सेवा व लोगों से अच्छे व्यवहार के कारण 19 नवम्बर 2021 को बेस्ट पुलिस स्टेशन ऑफ इंडिया का अवार्ड उन्हें मिला था। गृहमंत्री अमित शाह ने लखनऊ पुलिस हेड क्वार्टर में औमप्रकाश चुघ को यह अवार्ड प्रदान किया गया था।



## 26 जनवरी को ड्रोन उड़ाए जाने पर रहेगी पूर्णतः पाबंदी

**सिरसा।** जिलाधीश पार्थ गुप्ता ने 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह के मद्देनजर आपराधिक प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 व ड्रोन नियमावली 2021 के तहत आदेश जारी कर नगर परिषद सिरसा व डबवाली तथा नगर पालिका ऐलनाबाद व कालांवाली की सीमा के एक किलोमीटर के दायरे तक ड्रोन, ग्लाइडर, रिमोट कंट्रोल एयरक्राफ्ट, फ्लाइंग कैमरा, कवर्ड चोपर, हवाई कवरेज के लिए हेलीकैम, पतंग, गुब्बारे आदि उड़ाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। सुरक्षा कारणों से नगर परिषद सिरसा व डबवाली तथा नगर पालिका ऐलनाबाद व कालांवाली की सीमा के एक किलोमीटर के दायरे तक में ड्रोन की उड़ान प्रतिबंधित की गई है।

## बेरोजगारी में आगे बढ़ रहा हरियाणा : प्रो. संपत

- पूर्व मंत्री प्रो. संपत सिंह ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस नेता प्रो. संपत सिंह ने बुधवार को कांग्रेस भवन में कार्यकर्ताओं की बैठक ली और इसी वर्ष होने वाले लोकसभा चुनावों को लेकर मंथन किया। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रो. संपत सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी ने सभी लोकसभा क्षेत्रों के लिए एक-एक कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया है। हमें कहा गया है कि तीन चरणों पर कार्य करने है, पहला चरण चुनाव की घोषणा से पूर्व, दूसरा चरण चुनाव की घोषणा के बाद और तीसरा चरण मतदान के दिन। तीन चरणों में किस तरह से कार्य किए जाएंगे, यही आज चर्चा हुई है। सर्वप्रथम बीएलए नियुक्त होंगे। बूथ स्तर पर एजेंट बनेंगे। इसी प्रकार कमेटी बनेगी, जिसमें अधिकतर कार्यकर्ता शामिल होंगे। मंडल स्तर पर कमेटी का गठन करना था, लेकिन इससे बेहतर पहले से ही कार्य हो चुके है। प्रो. संपत सिंह ने कहा कि लोगों को कांग्रेस के साथ जोड़ने के लिए जन आक्रोश रैलियां हो रही है,जबकि जिला स्तर पर कमेटियां बनी हुई है। प्रो. संपत सिंह ने कहा कि हमारे कण कण में राम है। हमारी पूजा करने के तरीके बेशक अलग अलग हो, लेकिन कांग्रेस आस्तिक है। उन्होंने कहा कि हरियाणा अपराध व बेरोजगारी में निरंतर आगे बढ़ रहा है। जबकि पहले प्रदेश साधन संपन्न था, लेकिन अब हालात इसके विपरीत है। प्रदेश से इंडस्ट्री पलायन कर रही है। रोजगार के साधन नहीं है। इसके चलते अपराध की तरफ कदम बढ़ रहे है। शिक्षा का स्तर भी गिर रहा है। मौके पर विधायक शीशपाल केहरवाला, डॉ. केवी सिंह, प्रहलाद सिंह गिल्लाखेड़ा, पूर्व विधायक भरतसिंह बैनीवाल, प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि राजकुमार शर्मा, डॉ. वीरेंद्र सिवाच, डॉ. सुभाष जोधपुरिया, रामसिंह सोलंकी, अमीर चावला, कपिल सरावगी, राजेश, नवदीप कंबोज सहित अन्य मौजूद थे।



सिरसा। कांग्रेस भवन में कार्यकर्ताओं से बात करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं लोकसभा सिरसा के ऑब्जर्वर कांग्रेस नेता प्रो. संपत सिंह। फोटो : हरिभूमि

## सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में सिद्धार्थ छत्तीसगढ़ में दिखाएगा दमखम

**फतेहाबाद।** सेंट जॉन इंटरनेशनल स्कूल, भोड़ियाखेड़ा के खिलाड़ी सिद्धार्थ का नेशनल सॉफ्टबॉल खेल प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया है। अंडर-14 आयुवर्ग में चयनित सिद्धार्थ इस खेल में पहले भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुका है। 67वीं राष्ट्रीय सॉफ्टबॉल खेल प्रतियोगिता को लेकर अंडर-14 खिलाड़ियों का प्रशिक्षण शिविर आज से सीनियर सैकेंडरी स्कूल, कसनी, झज्जर में शुरू हुआ है जोकि 30 जनवरी तक चलेगा। सिद्धार्थ भी इस प्रशिक्षण शिविर में भाग ले रहा है।



## पवन बने प्राथमिक शिक्षक संघ रतिया के प्रधान

- राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ खंड रतिया की नई कार्यकारिणी का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ खंड रतिया की नई कार्यकारिणी का चयन राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला रतिया में किया गया। खंड रतिया की कार्यकारिणी के इस चुनाव में राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ की राज्य इकाई से राज्य चैयरमेन देवेंद्र दहिया, पूर्व जिला संरक्षक खेतराज, राज्य कानूनी सलाहकार दलीप बिश्नोई, जिला प्रधान सुरेंद्र नैन, पूर्व जिला प्रधान विकास टुटेजा पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहे। पर्यवेक्षकों की उपस्थिति में पूर्व कार्यकारिणी ने अपने त्रिवार्षिक कार्यकाल का ब्यौरा उपस्थित पर्यवेक्षकों के समक्ष रखा और अपने इस्तीफे पर्यवेक्षकों को सौंपे ताकि नई कार्यकारी का गठन किया जा सके। इसके पश्चात नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। नई कार्यकारिणी में पवन पचार जल्लोपुर को खंड रतिया का प्रधान, सुरेंद्र कुमार जाखन दादी को सचिव, दलबीर सिंह महात्मा गांधी स्कूल उप प्रधान तथा मिथलेश रोहिल्ला, अमरबस्ती को कोषाध्यक्ष, अनिल कुमार रतिया को ऑडिटर, राम निवास जाखन दादी को संगठन सचिव, प्रदीप टुटेजा व पूर्ण सिंह कार्यकारिणी सदस्य चुना गया। पर्यवेक्षकों एवं प्राथमिक शिक्षकों ने नई कार्यकारिणी के नवनिर्वाचित सदस्यों को फूल मालाएं पहनकर उनका अभिनंदन किया। राज्य चेयरमैन ने नव चयनित पदाधिकारियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर पूर्व खंड प्रधान सुपेन्द्र सिंह, सरजीत झाझड़ा, मुकेश रंगा, राज सहारण, गंगा बिशन, अशोक भाम्भू, हरपाल सिंह, हरि सिंह, सतीश पंवार, विश्वपाल, सुरेश सिंह, जितेंद्र आदि प्राथमिक शिक्षक उपस्थित रहे।



फतेहाबाद। राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ की नई कार्यकारिणी को शपथ दिलवाते पर्यवेक्षक। फोटो : हरिभूमि

## मुख्यमंत्री ने एसआईटी बनाने के लिए दिए निर्देश

- पशु व्यापारियों पर फायरिंग मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

रतिया उप मंडल के गांव सरदारेवाला में पशु व्यापारियों पर फायरिंग करने के मामले में बुधवार को पीड़ित पशु व्यापारी गांव नथवान में मुख्यमंत्री मनोहर लाल से मिले और हमलावरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। इस पर मुख्यमंत्री ने पुलिस अधीक्षक को स्पेशल एसआईटी बनाकर पूरे मामले में कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। दूसरी ओर पुलिस ने घायल पशु व्यापारी उपदेश की शिकायत पर तीन लोगों के खिलाफ हत्या, आर्म्ज एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। घायल पशु व्यापारी व जिला कष्ट निवारण समिति के सदस्य उपदेश उर्फ दाऊ ने बुधवार को गांव नथवान में एक कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री को बताया कि जिन लोगों ने हमला किया है, उन लोगों ने लूटपाट का गिरोह बनाया हुआ है और उक्त लोगों द्वारा पहले भी उन्हें धमकी दी गई थी। इसके बारे में उन्होंने पुलिस को बताया था लेकिन पुलिस द्वारा कड़ी कार्रवाई नहीं की गई थी, जिस कारण ही उन पर जानलेवा हमला हुआ है।

## उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने परेड की ली सलामी

# गणतंत्र दिवस समारोह की हुई फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह बड़े हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाने के उद्देश्य से बुधवार को शहीद भगत सिंह स्टेडियम में फुल ड्रेस रिहर्सल का आयोजन किया गया। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने ध्वजारोहण किया, मार्च पास्ट की सलामी ली और परेड का निरीक्षण किया। इससे पहले उपायुक्त पार्थ गुप्ता व पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने शहीदी स्मारक व स्वतंत्रता सैनानी स्मारक पर पहुंचकर देश के वीर शहीदों को सलामी दी। जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की फाइनल रिहर्सल में विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। उपायुक्त ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यक्रमों की प्रशंसा करते हुए उनका हौसला बढ़ाया। इसके अलावा उपमंडल स्तरीय कार्यक्रम को लेकर डबवाली, ऐलनाबाद व कालांवाली में भी फुल ड्रेस रिहर्सल का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने बताया कि सिरसा में जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में हरियाणा के उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ध्वजारोहण करेंगे, परेड की सलामी लेंगे।

26 जनवरी को प्रातः 9.55 पर मुख्य अतिथि समारोह स्थल पर पहुंचेंगे व प्रातः 9.58 बजे ध्वजारोहण करेंगे और परेड की सलामी लेंगे। समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों व अधिकारियों / कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा।





सिरसा। गणतंत्र दिवस समारोह की रिहर्सल के दौरान परेड की सलामी लेते डीसी व एसपी तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देती छात्राएं।



### डबवाली में कांग्रेस पार्टी का कुनबा बढ़ा, अनेक लोगों ने थामा पार्टी का दामन

**डबवाली।** 2024 मे होने वाले लोकसभा व विधानसभा चुनावों को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों ने अपनी गतिविधियां तेज कर दी है। इस मामले में कांग्रेस पार्टी नेतृत्व डबवाली हल्के में डॉक्टर के वी सिंह की अगुवाई में काफी सक्रिय है। उन्हीं के प्रयासों से मौजगढ़ तथा लंबी गांव के विभिन्न परिवारों ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ.केवी सिंह की मौजूदगी में विभिन्न पार्टियों को छोड़ कांग्रेस पार्टी का दामन थामा। मुख्य रूप से मौजगढ़ गांव के सुखदेव सिंह मान तथा लंबी गांव से कुलदीप सिंह बाजीगर रहे। वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ.केवी सिंह ने संबोधित किया।

**सूचना**

मैं, हरजिंदर सिंह पुत्र कश्मीर सिंह निवासी गांव म्योंद कलां, तहसील टोहाना, जिला फतेहाबाद, मैंने अपने पासपोर्ट में अपनी जन्मतिथि 09.04.1974 को बदलकर वास्तविक दस्तावेजों के अनुसार 01.04.1977 कर ली है।

# मुख्यमंत्री ने डूल्ट से किया 60 अमृत प्लस सरोवरों का उद्घाटन

## प्रदेश में भूजल रिचार्जिंग के लिए 1000 रिचार्ज-वेल किए जाएंगे स्थापित, मंत्री भी रहे मौजूद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बुधवार को फतेहाबाद के गांव डूल्ट से प्रदेशभर के 60 अमृत प्लस सरोवरों का उद्घाटन किया। इन 60 अमृत सरोवरों में जिला फतेहाबाद के 31 अमृत सरोवर शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने गांव डूल्ट में अमृत प्लस तालाब व डिजिटल लाइब्रेरी का भी अवलोकन कर जानकारी हासिल की। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि केन्द्र सरकार ने देश के तालाबों की कायाकल्प करने के लिए वर्ष 2022 में अमृत सरोवर मिशन की शुरुआत की थी। इस मिशन के तहत हरियाणा में 1 मई, 2022 से हर जिले में 75 तालाब के अनुसार कुल 1650 तालाबों का जीणार्द्धार कर अमृत सरोवर बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था।

### 2078 सरोवर बने

इसके तहत हरियाणा 2078 अमृत सरोवर बनाने में सफल रहा है। अगले एक माह में 200 और अमृत सरोवर बनाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में तालाबों के कायाकल्प के उद्देश्य से सरकार ने हरियाणा तालाब एवं अपशिष्ट जल प्रबंधन प्राधिकरण का गठन किया है और प्राधिकरण को प्रदेश में उपलब्ध तालाबों का सर्वे करने के निर्देश दिए थे। सर्वे के अनुसार प्रदेश में 19649 तालाब पाए गए, जिनमें ग्रामीण क्षेत्र में लगभग 18 हजार तालाब तथा शहरों में 900 तालाब शामिल हैं। इन तालाबों में लगभग 11000 प्रदूषित तालाब हैं, इनके कायाकल्प के लिए कार्य किया जा रहा है।

सीएम ने कहा कि वैज्ञानिक अध्ययन के अनुसार राज्य में पानी की मांग लगभग 35 लाख करोड़ लीटर पानी की है, जबकि हमारे पास लगभग 21 लाख करोड़ लीटर पानी उपलब्ध है। इस प्रकार लगभग 14 लाख करोड़ लीटर पानी की कमी है।

भूजल के अलावा पानी की उपलब्धता बरसात व पहाड़ों से आने वाले पानी से होती है। उन्होंने कहा कि एसवाईएल नहर के माध्यम से समझौते के अनुसार हरियाणा को पंजाब से पानी मिलना था, लेकिन यह अभी नहीं मिल रहा है। यह अंतरराज्यीय विवाद है। इस विवाद को हल करने के लिए हम सुप्रीम कोर्ट तक गए है। यह विवाद अभी हल नहीं भी हो रहा है तो भी हरियाणा सरकार ने पानी का बेहतर प्रबंधन किया है। दक्षिण हरियाणा में लगभग 300 टेलों तक हमने पानी पहुंचाया है।






फतेहाबाद। अमृत प्लस सरोवरों का उद्घाटन करते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल, मुख्यमंत्री मनोहर लाल गांव डूल्ट में अमृत प्लस सरोवर का निरीक्षण करते हुए।



फतेहाबाद। गांव डूल्ट में अमृत प्लस सरोवरों के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते सीएम मनोहर लाल।

### खादों के अत्याधिक प्रयोग से समस्या

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों ने रासायनिक खादों का अत्यधिक उपयोग कर फसल की पैदावार तो बढ़ा ली, परंतु जमीन की गुणवत्ता खराब हो गई। रसायनों के कारण जमीन में एक पक्की लेयर बनने के कारण बरसात का पानी जमीन के नीचे नहीं जा रहा, जिससे कई क्षेत्रों में जलभराव व दलदल की समस्या बन चुकी है। इतना ही नहीं, रासायनिक खादों के अत्यधिक उपयोग के कारण आज कैंसर जैसी गंभीर बीमारियां हो रही है। इस समस्या से निजात पाने के लिए हमें प्राकृतिक खेती की ओर जाना होगा।

### किसानों की मदद कर रही सरकार : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि भूजल रिचार्जिंग पर फोकस करते हुए प्रदेश में 1000 रिचार्ज-वेल बनाये जा चुके हैं। अगले वर्ष के लिए भी 1000 रिचार्ज-वेल बनाने का लक्ष्य रखा है। इन वेल के बनने से हर वर्ष लगभग 8000 एकड़ अतिरिक्त जमीन पर सिंचाई संभव हो सकेगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा में कुल 95 लाख एकड़ जमीन कृषि योग्य है, इसमें से 45 लाख एकड़ में नहरी पानी से सिंचाई हो पाती है। शेष भूमि पर बरसात के पानी से या ट्यूबवेल के माध्यम से सिंचाई होती है। इस अवसर पर पंचायत मंत्री देवेन्द्र बबली व अन्य मौजूद रहे।

### इन विकास परियोजनाओं का हुआ शिलान्यास

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने जिला की 253 करोड़ 14 लाख 77 हजार रुपये की पांच विकास परियोजनाओं के शिलान्यास किए। उन्होंने 185 करोड़ 48 लाख रुपये की लागत से बनने वाले बुढ़लाडा पंजाब बोर्डर से रतिया-फतेहाबाद-भट्टू भादरा को जाने वाले रोड, शहर रतिया के लिए 55 करोड़ 22 लाख रुपये की लागत से बनने वाले नहरी आधारित स्वतंत्र जलघर, गांव खारा खेड़ी में 4 करोड़ 90 लाख रुपये की लागत से बनने वाले द्वितीय जलघर, गांव महमड़ा में 4 करोड़ 47 लाख रुपये की लागत से बनने वाले नहरी आधारित स्वतंत्र जलघर व अन्य शामिल है।

## सीएम ने जिले को दी 59 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की सौगात



सिरसा। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बुधवार को वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से सिरसा जिला में करीब 60 करोड़ की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन किया। इसी कड़ी में लघु सचिवालय स्थित बैठक कक्ष में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में हरियाणा के बिजली मंत्री रणजीत सिंह ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने जिला सिरसा से संबंधित लगभग 59 करोड़ रुपये विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इनमें बिजली वितरण निगम की 33 करोड़ 77 लाख रुपये की लागत की चार परियोजनाओं का उद्घाटन तथा सिंचाई विभाग व मार्केटिंग बोर्ड की 24 करोड़ 79 लाख रुपये की 8 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। बिजली मंत्री रणजीत सिंह ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा सबका साथ-सबका विकास नीति पर चलते हुए सभी क्षेत्रों में समान विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आज जिला को लगभग 59 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात दी है।

### 291 करोड़ की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन

फतेहाबाद। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने फतेहाबाद जिले को करोड़ों रुपये की सौगात दी है। लुवास, हिसार में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने प्रदेश की लगभग 2024 करोड़ रुपये की परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास किए। इनमें जिला फतेहाबाद की 291 करोड़ 55 लाख 92 हजार रुपये की दस परियोजनाएं शामिल है, जिसमें 38 करोड़ 41 लाख 15 हजार रुपये की पांच विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व 253 करोड़ 14 लाख 77 हजार रुपये की पांच विकास परियोजनाओं के शिलान्यास है। जिला स्तरीय कार्यक्रम में पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित हुए जबकि सांसद सुनीता दुग्गल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम में फतेहाबाद के विधायक दुड़ाराम व उपायुक्त अजय सिंह तोमर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**इन विकास परियोजनाओं का हुआ उद्घाटनः** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने जिला की 38 करोड़ 41 लाख 15 हजार रुपये की पांच विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया जिसमें 4 करोड़ 65 लाख रुपये की लागत से गांव दीवाना में कनाल वाटर वर्क्स, एक करोड़ 77 लाख 66 हजार रुपये से बने सामुदायिक केंद्र जल्लोपुर, 3 करोड़ 19 लाख 34 हजार रुपये की लागत से बने राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भूना में 12 एसीआर, 3 लैब व शौचालयों, एक करोड़ 12 लाख 50 हजार रुपये की लागत से राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जाखल के 8 एसीआर व अन्य शामिल है।

## खबर संक्षेप

### रामा क्लब ने स्थापित किया प्रभु श्रीराम दरबार

सिरसा। धर्मनगरी सिरसा के लिए यह बड़ी गर्व की बात है कि यहां श्री रामा क्लब चैरीटेबल ट्रस्ट जैसी संस्थाएं धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए पिछले सात दशकों से लगी हुई है तथा उनकी यह यात्रा जारी है। 73 वर्षो से जिलावासियों को भगवान राम के आदर्श चरित्र रामलीला मंचन तथा दशहरा महोत्सव के माध्यम से लाभांवित कर रही है।

### केंद्रीय स्कूल में परीक्षा पे चर्चा पर पेंटिंग प्रतियोगिता

फतेहाबाद। केंद्रीय विद्यालय, बड़ोपल में परीक्षा पे चर्चा पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई। फतेहाबाद के खंड शिक्षा अधिकारी महेंद्र सिंह श्योराण ने दीप प्रज्ज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इसके साथ ही उन्होंने पराक्रम दिवस के मौके पर विद्यालय में वॉल ऑफ हीरोज पर पुष्प अर्पित कर अमर शहीदों को नमन किया।

### तनीषा परीक्षा पे चर्चा में करेंगी शिरकत

चोपटा। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नाथूसरी कलां की कक्षा 10वीं की छात्रा तनीषा का प्रधानमंत्री का कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा में भेजे गए प्रश्न को चयनित करके कार्यक्रम में भाग लेने के लिए दिल्ली आमंत्रित किया है। पूरे हरियाणा से केवल दो बच्चों का चयन किया गया है। परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में पहले छात्र का रजिस्ट्रेशन करवाया गया था, जिसमें प्रधानमंत्री से परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में प्रधानमंत्री से सीधी बातचीत करने का अवसर मिलेगा।



### जागरूकता अभियान चलाएंगेः कादियान

सिरसा। भगत सिंह फाउंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष रेणू कादियान ने बालिका दिवस पर कहा यह दिन न केवल बच्चियों की शिक्षा, उनके स्वास्थ्य की देखभाल और पालन पोषण में समान अवसरों की वकालत करता है, बल्कि बालिकाओं के अधिकारों के बारे में जागरूकता को भी बढ़ावा देता है। ये दिन बाल विवाह, लड़कियों के साथ भेदभाव और लड़कियों के खिलाफ हिंसा जैसे मुद्दों की ओर ध्यान दिलाता है। यह दिवस प्रत्येक बालिका के लिए समानता और सम्मान का दिवस है।

# फरक्का एक्सप्रेस पहले दिन ही 13 घंटे लेट

- अयोध्या से आ रही ट्रेन, इंदौर सुपरफास्ट रही रद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जाखल

एक तरफ जहां कड़ाके की ठंड पड़ रही है तो वहीं दूसरी तरफ घने कोहरे ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। कोहरे की वजह से रेल यातायात पिछले कई दिनों से प्रभावित है। साल का पहला महीना भी गुजरने वाला है, परन्तु इन दिनों भी ठंड ने अपनी खूब दस्तक दी हुई है। पिछले करीब एक महीने से अधिकतर ट्रेनें लेट चल रही है, जिसके कारण यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एक तरफ यात्री ट्रेन लेट होने से परेशान है, तो वहीं दूसरी तरफ ठंड ने भी उनकी मुश्किलें बढ़ा दी है। 13413 मालदा टाउन, अयोध्या से चलकर वाया पटना साहिब से जाखल होते हुए बठिंडा जाने वाली फरक्का एक्सप्रेस ट्रेन बुधवार को पहले दिन ही 13 घंटे लेट हो गई। यह ट्रेन बुधवार सुबह जाखल पहुंचनी थी। इस गाड़ी का जाखल पहुंचने का समय सुबह 9 बजे का है, धुंध के कारण यह ट्रेन 13 घंटे की देरी से चल रही है। पहले दिन ही यात्री इसे लेकर परेशान नजर आ रहे है। यह



जाखल। स्टेशन पर ट्रेन न आने से इंतजार करते यात्री।

### आधा दर्जन ट्रेनें लेट

ठंड के कारण ट्रेनों के लेट होने का सिलसिला पिछले गत दिनों से लगातार जारी है। बुधवार को भी जाखल जंक्शन पर आधा दर्जन ट्रेन अपने निर्धारित समय से लेट निकली है। 15909 अवध असाम एक्सप्रेस अपने निधारित समय से 3 घंटे देरी से चल रही है। इसी के साथ 12137 पंजाब मेल सुपरफास्ट 10 घंटे 30 मिनट देरी से निकली है। 04749 चुरू एक्सप्रेस ट्रेन भी अपने निधारित समय से 2 घंटे की देरी से निकली है। बता दे कि चुरू एक्सप्रेस ट्रेन पिछले काफी दिनों से ही देरी से चल रही है। रेल प्रशासन द्वारा ठंड का कहर को देखते हुए इंदौर सुपरफास्ट ट्रेन को रद्द कर दिया गया है।

ट्रेन अगले दिन शाम को जाखल से वापिस अयोध्या के लिए रवाना होगी।

# क्रिकेट नेशनल में जीता सिल्वर

- फतेहाबाद के चार खिलाड़ियों ने टीम ने दिया योगदान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा पटना में आयोजित 67वीं अंडर-17 क्रिकेट नेशनल चैम्पियनशिप का फाइनल मैच आज हरियाणा वर्सिज दिल्ली के बीच खेला गया। इससे पूर्व हरियाणा की टीम ने सेमिफाइनल में पंजाब की टीम को 78 रनों के शानदार स्कोर से हरा कर फाइनल में प्रवेश किया।

फाइनल मैच में टीम ने शानदार प्रदर्शन किया परंतु विजयश्री से केवल 30 रन पीछे रह गए। हरियाणा की टीम ने दूसरे स्थान पर रहते हुए सिल्वर मेडल जीता। बता दें कि अंडर 17 में पॉयनियर कान्वेंट स्कूल फतेहाबाद की टीम ने स्टेट चैम्पियनशिप जीती थी। स्टेट की ओर से नेशनल टूर्नामेंट के लिए फतेहाबाद जिले के चार खिलाड़ियों का चयन हुआ। फाइनल मैच में फतेहाबाद के पॉयनियर कान्वेंट स्कूल के लक्ष्य दाधीच सुपुत्र पुरुषोत्तम दाधीच एवं रक्षित ढिल्लों सुपुत्र मोहन सिंह ढिल्लों, एक खिलाड़ी डीएवी स्कूल फतेहाबाद व एक खिलाड़ी सरकारी स्कूल ललौदा ने भाग लिया।



फतेहाबाद। अंडर-17 क्रिकेट नेशनल गेम्स में विजेता हरियाणा की टीम।

### किसानों से भेंट करेंगे इनेलो महासचिव

फतेहाबाद। इनेलो के राष्ट्रीय महासचिव एवं विधायक चौ. अभय सिंह चौटाला 25 जनवरी वीरवार को भट्टू में उपतहसील कार्यालय के बाहर सेम समस्या को लेकर धरना दे रहे किसानों से मुलाकात करेंगे। इस दौरान वे किसानों के साथ चर्चा कर सेम समस्या के समाधान को लेकर उठाए जाने वाले कदमों को लेकर अपने विचार सांझा करेंगे। यह जानकारी देते हुए इनेलो के प्रवक्ता ने बताया कि इससे पूर्व अभय सिंह चौटाला दोपहर 12 बजे फतेहाबाद की जाट धर्मशाला में कार्यकर्ताओं से भी रूबरू होंगे। इसके बाद वे फतेहाबाद से भट्टू के लिए रवाना होंगे। उन्होंने कहा कि किसान आंदोलन के दौरान भी इनेलो नेता अभय सिंह चौटाला ही एकमात्र ऐसा नेता थे जिन्होंने विधानसभा से लेकर सड़कों तक किसानों की आवाज को उठाया था।

# एनएसएस से पनपती राष्ट्र सेवा की भावना

- गांव करंडी के राजकीय विद्यालय में आयोजित एनएसएस शिविर में मुख्य अतिथि पहुंचे सीईओ और बीईओ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जाखल

स्कूलों में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविरों में विद्यार्थियों को स्वच्छता को लेकर जागरूक किया जा रहा है। इससे उन्हें ज्ञानवर्धक जानकारियां भी दी जा रही हैं, ताकि विद्यार्थियों को कुछ नया सीखने को मिले। यह बात फतेहाबाद के जिला शिक्षा अधिकारी दयानंद सिहाग ने क्षेत्र के गांव करंडी स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे एनएसएस शिविर के छठे दिन शिविर में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कहीं। शिविर में खंड शिक्षा अधिकारी सुभाष भांभू ने भी विशेष तौर पर शिरकत की। प्राचार्य कृष्ण चंद्र ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में डीईओ दयानंद सिहाग ने संबोधित करते हुए स्वयंसेवकों को विभिन्न प्रकार के सामाजिक कायार्ं और सेवा कायार्ं के बारे में प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि एनएसएस हमारे अंदर समाज सेवा व राष्ट्र सेवा की भावना भर, हमें जीवन में कामयाब करता है। उन्होंने कहा कि देश में जब भी कोई संकट समय आता है तो एनएसएस यूनिट की विभिन्न इकाइयां सबसे पहले आगे कार्य करने को तैयार रहती हैं।




जाखल। गांव करंडी में आयोजित एनएसएस शिविर में संबोधित करते हुए डीईओ दयानंद सिहाग।

### शिक्षकों ने स्वयंसेवकों का किया मार्गदर्शन

खंड शिक्षा अधिकारी राजेश भांभू ने बच्चों को प्रेरित करते हुए बताया कि आज के इस प्रतियोगिता भरे युग में वो ही बच्चे कामयाब होते हैं, जो सभी गुणों से भरकर एक साथ आगे बढ़ते हैं। प्रोग्राम ऑफिसर लखविंदर कौर के दिशा निर्देश अनुसार कार्यक्रम में बच्चों ने अधिकारियों के लिए एनएसएस गीत गाया और क्लिपिंग की। समापन पर विद्यालय प्राचार्य कृष्ण चंद्र और कार्यक्रम अधिकारी लखविंदर कौर ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# किसानों संगठनों ने निकाला ट्रैक्टर रोष मार्च




सिरसा। लघुसचिवालय में धरना प्रदर्शन करते किसान।

- मांगे पूरी न होने पर संयुक्त किसान मोर्चा ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले आज विभिन्न किसान संगठनों ने शहर में ट्रैक्टर रोष मार्च निकाला और लघुसचिवालय में पहुंच कर एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। किसानों की मांग है कि सिरसा मेजर नहर में लगाए जा रहे मोगा की अनुमति को रद्द किया जाए, अन्यथा वे बड़ा कदम उठाने को मजबूर होंगे। किसान सुबह धरनास्थल फूलकां टेल ट्रैक्टरों पर सवार होकर नारेबाजी करते हुए लघुसचिवालय पहुंचे। इस मौके पर डा. सुखदेव सिंह जम्मू, रामचेंद्र, रामकिसान, रामकुमार, गुरांदित्ता, प्रीतपाल सिंह सिद्धू, राहुल आदि किसानों ने बताया कि सिरसा मेजर नहर में मोगा डाला जा रहा है और इस मोगे से डेरा में पानी जाएगा। उन्होंने कहा कि पहले ही बाजेकां, सिकंदरपुर, वैदवाला सहित अन्य गांवों में पानी की कमी है और ऊपर से नहर में मोगा लगाकर पानी डेरा की तरफ भेजने की अनुमति दी गई है। यदि यह मोगा डाला गया तो उपरोक्त गांवों में सिंचाई के साथ-साथ पेयजल की भी भारी कमी हो जाएगी। उन्होंने बताया कि किसान बीती 4 जनवरी से फूलकां टेल पर धरना दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसान अपना काम धंधा छोड़ कर कंपकंपती ठंड में धरना दे हैं, लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि मोगा डालने की अनुमति रद्द नहीं की गई तो वे आंदोलन को और तेज करेंगे।

### सरपंचों ने बीडीपीओ कार्यालय पर जड़ा ताला, पुलिस ने खुलवाया

# धरने पर बैठे दो युवकों की तबीयत बिगड़ी

- सेम की समस्या को लेकर धरना दे रहे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

सेम समस्या के समाधान की मांग को लेकर पिछले दो महीनों से भट्टूकलां के उपतहसील कार्यालय के बाहर भूमि सुधार आंदोलन में अनशन पर बैठे दो युवा किसानों की मंगलवार रात को तबीयत बिगड़ गई। इस पर उन्हें पहले भट्टू के अस्पताल ले जाया गया वहां से अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। हालत में सुधार न होते देख बुधवार को दोनों युवकों को फिर धरना स्थल पर लाया गया और यहां किसानों ने आज दोपहर जूस पिलाकर उनका अनशन तुड़वाया। आज किसानों का धरना 65वें दिन भी जारी रहा। उपतहसील कार्यालय पर जड़े ताले को किसानों ने नहीं खोला। किसानों के आंदोलन के समर्थन में भट्टू क्षेत्र के सरपंचों ने बीडीपीओ कार्यालय पर भी ताला जड़ दिया। हालांकि 10 मिनट बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सरपंचों को समझाकर ताला खुलवा दिया।

बता दें कि भट्टू उप तहसील कार्यालय के बाहर सेम समस्या के स्थाई समाधान को लेकर पिछले 65 दिनों से किसानों का धरना जारी है। विगत दिनों दो युवा भी यहां अनशन पर बैठ गए थे। आंदोलन के समर्थन में भट्टू के दुकानदारों ने मंगलवार को अपनी दुकानें बंद करके भट्टू मण्डी में प्रदर्शन भी किया था। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे किसान नेता कमल बिसला ने कहा कि यह समस्या इतनी जटिल है कि आज पूरा भट्टू इसके खिलाफ एकजुट हो गया है। व्यापारी, किसान, ग्रामीण, महिलाएं सभी इस समस्या को लेकर जागरूक हैं और सभी को पता है कि आने वाले दिनों में पूरे क्षेत्र को सेम निगल सकती है। उन्होंने कहा कि इतना बड़ा आंदोलन चल रहा है, उपतहसील को भी 15 दिन से ताला जड़ा हुआ है, फिर भी कोई समाधा नहीं निकल रहा।




फतेहाबाद। भट्टूकलां में जूस पिलाकर युवकों का अनशन तुड़वाते किसान, भट्टूकलां में बीडीपीओ कार्यालय पर ताला जड़ते किसान।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 9653530207, 9253681005